F-11 कला समेकित शिक्षा

UNIT-1 कला समेकित शिक्षा की समझ

classmate
Date
Page

(i) कला शिक्षा एवं कला समेकित शिक्षा का समझ

- कला क्या है ?
- कला शिक्षा : अवधारणा व महत्व
- कला समेकित शिक्षा : अवधारणा व महत्व :-

=> कला एक ऐसा विषय है जिसमें विभिन्न क्रियाओं व गतिविधियों के माध्यम से बच्चों का सर्वांगीण विकास में सहायता मिलती है। इसके अंतर्गत चित्रांकन, नृत्य, नाटक, एकांकी, शिल्पकारी, रेखाचित्र, रंग करना इत्यादि है। इनमें से किसी भी रूपों द्वारा भावनाओं को व्यक्त करना कला कहलाता है।

कला की प्रकृति

(i) अन्य विषयों में सम्मिलित
(ii) सतत और विस्तृत प्रक्रिया
(iii) अनुभवों का समन्वय
(iv) प्राकृतिक प्रक्रिया
(v) रचनात्मक व अन्य कौशलों को विकसित करने में सहायक

इस तरह हम यह भी कह सकते है कि कला सिर्फ एक विषय नहीं है बल्कि यह अन्य सभी विषयों में जुड़ा हुआ है। इसके द्वारा बच्चे अपने अनुभव विचार को स्पष्ट रूप से व्यक्त कर पाते हैं। यह छात्रों को सृजनता और नवीनता के लिए प्रेरित करता है।

POCO M4 PRO 5G 26/06/2022 14:15

## ⇒ कला शिक्षा – अवधारणा व महत्व

कला शिक्षा जीवन के प्रत्येक पहलू को पूर्णता प्रदान करने की एक प्रक्रिया है। कला शिक्षा द्वारा बच्चों का मानसिक विकास होता है यह शिक्षा का मूल आधार सिद्ध होती है।

**कला शिक्षा के महत्व निम्नलिखित है-**

(i) बच्चों को यह रुचिकर लगता है।

(ii) बच्चों को सृजन करने का अवसर प्रदान करता है।

(iii) बच्चे इस तरीके से स्पष्ट रूप से अपना भाव प्रकट कर पाते हैं।

(iv) शिक्षक को बच्चों को समझाने में इससे मदद मिलता है।

(v) अभिव्यक्ति कौशलों का विकास होता है।

(vi) शब्दों की सीमाओं से मुक्त हो जाते हैं।

(vii) बच्चों में जिज्ञासा जागृत होता है।

(viii) समय का उचित रूप से प्रयोग कर पाते हैं।

कला शिक्षा के महत्व को देखते हुए अब सभी विद्यालयों में इसपे जोर दिया जा रहा है इसके द्वारा बच्चे विषय से जुड़ पाते हैं।

## ⇒ कला समेकित शिक्षा – अवधारणा व महत्व

इसके अंतर्गत, किसी भी विषय-वस्तु को अलग-अलग माध्यमों द्वारा सिखाया जाता है। कला के द्वारा बच्चों को कोई भी बात समझाना आसान होता है। इस माध्यम द्वारा

POCO M4 PRO 5G 26/06/2022 14:15

बताई गई बात बच्चों के दिमाग में एक अलग ही जगह बना लेती है और उन्हें यह चीज बहुत दिनों तक याद रहता है। प्राय: ऐसा देखा गया है कि जो बच्चे कला संबंधित गतिविधियों में शामिल होते हैं वे अन्य विषयों में भी अच्छा प्रदर्शन करते हैं। इससे बच्चे अपने विचारों को स्पष्ट तरीका से व्यक्त कर पाते हैं। इससे बच्चों की समझ एवं बुद्धि में विकास होता है। वह किसी समस्या को अपने ढंग से हल करने का कोशिश करते हैं। उनमें रचनात्मक कौशलों का विकास होता है। इससे बच्चों के व्यक्तित्व में निखार आता है उनके दक्षताओं का विकास होता है। सबसे खास बात यह है कि बच्चे इसमें रुचि लेते हैं। बच्चे कला के विभिन्न रूप चित्रकला गीत संगीत नाटक सभी में रुचि लेते हैं। कला सभी अन्य विषयों, भाषा, गणित, विज्ञान सामाजिक विज्ञान सभी में सम्मिलित है। शुरुआत में चित्रों द्वारा ही बच्चों को भाषा की शिक्षा दी जाती है। गणित संकेतों का विज्ञान है इसमें विभिन्न प्रकार की आकृतियों का प्रयोग किया जाता है। विज्ञान की शिक्षा बिना चित्र का देना असंभव ही है। सामाजिक विज्ञान में ग्रहों की स्थिति, संसार का संरचना चित्रों द्वारा ही समझाया जाता है। मानचित्र के

POCO M4 PRO 5G
26/06/2022 14:15

माध्यम से भूगोलिक ~~स्था~~ स्थान, और
जलवायु का ज्ञान दिया जाता है।
खुदाई में पाई गई मूर्तियां द्वारा
उस समय का संस्कृति का ज्ञान
प्राप्त होता है। छोटे बच्चों को कहानी
कविताओं द्वारा सभी विषयों ~~को~~ को
पढ़ाया जाता है। कला द्वारा सभी
विषय सुगम व सुलभ बन
जाता है।

Sangeeta Kumari

Date – 26/6/2022

POCO M4 PRO 5G 26/06/2022 14:15